रेलवे अपर महाप्रबंधक ने किया 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ

इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों में 03 महिला खिलाडी शामिल

जबलपुर 18 अगस्त। 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ सोमवार को मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री द्वारा किया गया। रेलवे स्टेडियम जबलपुर में महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, श्री राजीव कुमार यादव, मण्डल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, उपमहानिरीक्षक श्री रजनीश कुमार त्रिपाठी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया ।

36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18.08.2025 से 20.08.2025 तक रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रमोद कुमार खत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। खेल शरीर को ऊर्जावान बनाते हैं और व्यक्ति के चरित्र निर्माण में भी महत्पूर्ण भूमिका निभाते हैं। रेल प्रशासन का हमेशा से प्रयास रहा है कि समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाय, जिससे हमारे कर्मचारियों में शारीरिक स्फूर्ति एवं मानसिक ताजगी बानी रहे, साथ ही खेलों के माध्यम से वे, एकजुटता, टीम भावना और कम्पटीशन का अनुभव प्राप्त करेगें। इस प्रतियोगिता में 08 विभिन्न क्षेत्रीय रेलों, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे की टीमों के 71 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। जिसमें 03 महिला खिलाड़ी भी शामिल है। उक्त प्रतियोगिता 57 किग्रा, 61 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा, 74 किग्रा, 79 किग्रा, 86 किग्रा, 92 किग्रा, 97 किग्रा तथा 125 किग्रा भारवर्ग (फ्री स्टाइल) में आयोजित की जायेगी।

उद्घाटन समारोह के दिन खेले गए मुकाबले :- 70 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल) में पहलवान नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल), ने कर्मवीर (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) को 05/00 से, पहलवान नवीन (उत्तर रेलवे) ने मोहित (उत्तर पश्चिम रेलवे) को 08/00 से, पहलवान शिवमान (पश्चिम मध्य रेलवे) ने रामअवध को 07/02 से, पहलवान जयवीर (उत्तर रेलवे) ने वालकिशन (उत्तर मध्य रेलवे) को 07/05 से तथा नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने नवीन (उत्तर रेलवे), को 06/02 से हराया।

इस कुश्ती प्रतियोगिता में 74 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल), 79 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल), 86 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल), 92 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल) एवं 97 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल) के भी मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में मैचों का संचालन राष्ट्रीय स्तर के रैफरियों द्वारा किया गया।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/308/2025 दिनांक 18.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर